हिन्दुस्तान 27-09-2016

हिन्दी सम्मान की भाषा

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए अपनी मानसिकता को बदलनी होगी। हिन्दी बोलने में कतई हीन भावना नहीं होनी चाहिए। सबसे ज्यादा विकास की ओर बढ़ रहे रूस , चीन और जापान अपनी भाषा में काम करके पूरे विश्व में छाए हुए है। हिन्दी के शब्दकोष को बढ़ाना होगा, यह हमारी सम्मान की भाषा है। यह बातें कानपुर विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य विनीता पांडेय ने हिन्दी समारोह व कार्यशाला के दौरान कही।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में चल रहे हिन्दी पखवाड़े का समापन हिन्दी समारोह और कार्यशाला के जरिए हुआ। इसका शुभारंभ निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन और कानपुर विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य विनीता पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

निदेशक ने कहा कि राजभाषा के प्रचार और प्रसार के लिए सभी व्यक्तियों को संकल्पित होना चाहिए। वह कम से कम पांच अन्य व्यक्तियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित करे और उनकी मदद करें। हिन्दी को लेकर मानसिकता बदलनी होगी। सप्ताह भर चले पखवाड़े में हिन्दी टिप्पणी आलेखन में संजय तिवारी, निबंध में दया शंकर मिश्रा, हिन्दी टंकण में रमाकांत, प्रचार प्रसार में डॉ. लोकेश बाबर, सामान्य ज्ञान में श्रीराम तिवारी, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में नरेंद्र सिंह नयाल और निबंध एमटीएस में पीयूष त्रिवेदी ने बाजी मारी। उनको मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इसमे मुख्य रूप से अनिल कुमार पाठक और संतोष कुमार मौजूद रहे।

दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करतीं कानपुर विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य विनीता पांडेय।

शर्करा संस्थान में छात्रों को कोर्स के साथ नौकरी

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के मेगा जॉब प्लेसमेंट में इस बार शुगर कंपनियों ने दांव लगाया है। कई राउंड के इंटरव्यू के बाद आधा दर्जन छात्रों का चयन किया गया है। उनको शुरुआत में ही तीन लाख का पैकेज ऑफर किया गया है।

रविवार से राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में प्लेसमेंट ड्राइव शुरू हुई है। इसके शुभारंभ में ही नामचीन दिल्ली की ग्लोब केन शुगर और दौराला शुगर वर्क्स आई थीं। उन्होंने तीन राउंड के इंटरव्यू के बाद आधा दर्जन छात्रों को चुना है। इसमें संदीप कुमार, विवेक तिवारी, पुष्पांजलि, विकास गुप्ता और गौरव सिंह को चुना गया है। इनको दो लाख से तीन लाख का पैकेज दिया गया है।

निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने बताया कि जॉब प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत अच्छी रही है। मंगलवार तक चलने वाले प्लेसमेंट में करीब 16 छात्रों के और सलेक्ट होने की उम्मीद है।